श्री महावीर नि:शुल्क पशु-पक्षी अस्पताल एवं मोबाइल ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बारां ज़िले के ग्राम बडां में श्री महावीर गौशाला कल्याण संस्थान द्वारा निर्मित श्री महावीर नि:शुल्क पशु-पक्षी अस्पताल और मोबाइल ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अस्पताल और मोबाइल ट्रॉमा सेंटर में बीमार तथा घायल पशु-पक्षियों को तत्काल उपचार मिल सकेगा, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ हमारे आस-पास रहने वाले जीवों का संरक्षण किया जा सकेगा।
- श्री महावीर नि:शुल्क पशु-पक्षी अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। अस्पताल में समस्त उपचार सुविधाएँ 24 घंटे संचालित रहेंगी। यहाँ आस-पास के क्षेत्र में किसी भी पशु-पक्षी के बीमार, संक्रमित अथवा अन्य कारणों से प्रभावित होने की सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम द्वारा नि:शुल्क एम्बुलेंस से अस्पताल लाया जाएगा।
- इस अस्पताल में विशिषज्ञ चिकित्सक उपचार करेंगे। यहाँ जाँच केंद्र में पशु-पक्षियों के खून, गोबर आदि सभी प्रकार की जाँच के साथ-साथ एक्स-रे एवं सोनोग्राफी जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। अस्पताल परिसर में 3 ऑपरेशन थियेटर एवं 6 से अधिक आधुनिक सुविधायुक्त वार्ड हैं।
- इस अस्पताल में पशु-पक्षियों के लिये आउटडोर-इनडोर सहित संपूर्ण उपचार की सुविधाएँ हैं। प्रदेश में पहली बार पशु-पक्षियों के लिये अत्याधुनिक मशीनों के साथ इस प्रकार की सुविधाएँ स्थापित कर अनूठी पहल की गई है। यहां पशु-पक्षियों का ऑपरेशन, इलाज, आई.सी.यू. वार्ड तथा एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जीव संरक्षण एवं पशु प्रेम की भावना के अनुरूप कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा गौवंश संरक्षण के लिये निदेशालय की स्थापना की गई थी। इसे अब विभाग का रूप दिया गया है।
- उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नंदीशाला की स्थापना के लिये लगभग 1.56 करोड़ रुपए तथा गौशाला की स्थापना के लिये लगभग 1 करोड़ रुपए की सहायता दी जा रही है। चारे की बढ़ती हुई दरों को देखते हुए गौशालाओं की मांग पर 6 माह के स्थान पर 9 माह का अनुदान दिया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में भी गौवंश तथा पशु संपदा के संवर्धन एवं संरक्षण के लिये कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं। लंपी रोग से दुधारू गौवंश की मृत्यु पर प्रति गाय 40 हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।
- 'मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना' के तहत प्रति परिवार 2 दुधारू पशुओं के लिये 40-40 हज़ार रुपए का बीमा करवाया जाएगा। इस पर 750 करोड़ रुपए का व्यय होगा, जिससे 20 लाख से अधिक पशुपालक लाभान्वित होंगे। इसके अलावा पशुओं के नि:शुल्क टीकाकरण तथा गौशालाओं एवं नंदीशालाओं के लिये 1100 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान बजट में किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-shri-mahavir-free-animal-bird-hospital-and-mobile-trauma-center